THE VILLAGE
INTERNATIONAL SCHOOL
"We Nurture Dreams"
AIM HIGH, TOGETHER WE FLY

Class: IX	Department: Hindi	Date of submission: NA
Question Bank: 3	Topic: गिल्लू {संचयन भाग - 1}	Note: Pl. file in portfolio

1.सोनजुही में लगी पीली कली को देख लेखिका के मन में कौन से विचार उमड़ने लगे?

गिल्लू को सोनजुही की लता सबसे अधिक प्रिय थी। जब उसकी मृत्यु हो गई , तब उसको उसी लता के नीचे समाधि दे दी गई। जब सोनजुही की लता पर पीली कली खिली तो लेखिका के मन में छोटे से जीव गिलहरी की याद आ गई जिसे वह प्यार से गिल्लू कहती थी।

2. पाठ के आधार पर कौए को एक साथ समादरित और अनादरित प्राणी क्यों कहा गया है?

कौआ बड़ा विचित्र प्राणी है। इसका कभी आदर किया जाता है तो कभी अनादर। श्राद्ध में लोग कौए को आदर से बुलाते हैं। ऐसा माना जाता है कि पितृ पक्ष में हमारे पुरखे हमसे कुछ पाने के लिए कौए बनकर ही आते हैं। **यह भी विश्वास प्रचलित है कि कौआ प्रियजनों के आने की सूचना देता है।** इसका अनादर इसलिए किया जाता है, क्योंकि काँव-काँव करके हमारा सिर खा जाते हैं। इसकी कर्कश वाणी किसी को नहीं भाती।

3. गिलहरी के घायल बच्चे का उपचार किस प्रकार किया गया?

लेखिका गिलहरी के घायल बच्चे को उठाकर अपने कमरे में ले गई। रुई से उसका खून पोंछकर उसके घावों पर मरहम लगाया। उसकी भूख मिटाने के लिए रुई की बत्ती दूध में भिगोकर उसके मुँह पर लगाई गई। कई घंटे के उपचार के बाद वह उसके मुँह में पानी टपकाने में सफल हुई। तीन दिन में वह स्वस्थ हो गया।

4. लेखिका का ध्यान आकर्षित करने के लिए गिल्लू क्या करता था?

लेखिका का ध्यान आकर्षित करने के लिए गिल्लू उनके पैरों तक आकर सर्र से परदे पर चढ़ जाता और फिर उसी तेजी से उतरता। उसका यह दौड़ने का क्रम तब तक चलता जब तक लेखिका उसे पकड़ने के लिए न दौड़ती।

5. गिल्लू को मुक्त करने की आवश्यकता क्यों समझी गई और उसके लिए लेखिका ने क्या उपाय किया?

गिल्लू को मुक्त करने की आवश्यकता इसलिए पड़ी क्योंकि वह उसका पहला बसंत था। बाहर की गिलहरियाँ खिड़की की जाली के पास आकर चिक-चिक करके कुछ-कुछ कहने लगीं। उस समय गिल्लू जाली के पास आकर बैठ जाता था और उन्हें निहारता रहता था। तब लेखिका को लगा के अब गिल्लू को मुक्त कर देना चाहिए। वह अपने साथियों से मिलना चाहता था। लेखिका ने उसे मुक्त करने के लिए जाली का कोना खोल दिया ताकि इस मार्ग से गिल्लू आ-जा सके।

6. गिल्लू किन अर्थों में परिचारिका की भूमिका निभा रहा था?

एक बार लेखिका मोटर-दुर्घटना में घायल होकर कुछ दिन तक अस्पताल में रही। अस्पताल से